Vidarbha Ki Baat, Nagpur, Sep 01 2012

टीसीएस आइटी क्विज में सेंटर प्वाइंट स्कूल विजेता

विजेता करेंगे राष्ट्रीय फाइनल्स में नागपुर का प्रतिनिधित्व

नगर प्रतिनिधि

नागपुर, 31 अगस्त। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) द्वारा आयोजित टीसीएस आइटी क्विज 2012 में नागपुर ने आरंभिक सत्र में भाग लिया। नागपुर में इस प्रतियोगिता का आयोजन गुरुवार को डा. वसंतराव देशपांडे हॉल एमएलए हॉस्टल के सामने, सिविल लाइन्स, नागपुर में किया गया। उल्लेखनीय है कि टीसीएस आइटी विजेता देश का सबसे बड़ा इंटर स्कूल आइटी क्विज है। प्रारंभिक राउंड और सवाल-जवाब के कुछ थकाने वाले एवं तीव्र फाइनल राउंड के बाद सेंटर प्वाइंट स्कूल, काटोल रोड, के परितोश कान्हे और अनिरुध्द मोरारका विजेता बनकर उभरे और उन्हें विजेता ट्रॉफी के साथ गैलेक्सी नोट प्रदान किया गया। डी.पी.एस. स्कूल के अभिषेक अंबूलकर और अबू बकर सी. बेहद कम अंकों से विजेता से पिछड़ गए और रनर-अप बनकर उभरे। उपविजेता के रूप में इन दोनों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार स्वरूप गैलेक्सी टैब प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विजेताओं को मुख्य अतिथि डा. आर.के. इंगले, डीन-वीएनआइटी के साथ-साथ चैतन्य साठे, वाइस प्रेसीडेंट एवं सेंटर प्रमुख टीसीएस मुंबई द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया।

चैतन्य साठे ने कहा इन वर्षों में टीसीएस आइटी क्विज ने यह साबित कर दिया है कि यह नई पीढ़ी के तेजस्वी छात्रों को सूचना प्रौद्योगिकी से अवगत कराने का सर्वश्रेष्ठ मंच रहा है। टीसीएस में हमें इस बात का गर्व है कि हमें नागपुर में आइटी क्विज को लेकर उपस्थित हुए और हम इस शहर में आयोजित प्रतियोगिता की गुणवत्ता से पूर्णतया संतुष्ट है और हमें पूरा विश्वास है कि भविष्य न सिर्फ उज्वल है बल्कि सुरक्षित हाथों में है।

भारत के पहले एनिमेशन आधारित क्विज सॉफ्टवेयर की पेशकश टीसीएस आइटी क्विज 2012 की विशेष खासियत रही। इस सॉफ्टवेयर को क्विजमास्टर पिकब्रेन और उनकी टीम द्वारा तैयार किया गया है। इस वर्ष के क्षेत्रीय फाइनल्स का फॉर्मेट विशिष्ट गेम-आधारित था, जिसे विशेष सॉफ्टवेयर द्वारा संचालित किया गया था। मंच पर शिरकत करने वाले 6 फाइनलिस्ट्स (टीमों) को भी लैपटॉप बैकपैक्स, पेन ड्राइव्स, कॉफी मग्स, ईयरफोन्स बाइनोकुलर्स और टी-शर्ट्स जैसे गिफ्ट हैम्पर्स प्रदान किये गये। इसके साथ ही दर्शकों को भी सही जवाब देने पर हैपरसैक्स, कॉफी मग्स, पेन ड्राइव्स और टी-शर्ट्स प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। हौसला बढ़ाने वाली सर्वश्रेष्ठ स्कूल टीम को उनके टीमवर्क, रचनात्मकता और जोश के लिये उपहार के रूप में जार और एक कॉफी टेबल बुक प्रदान किया गया।

टीसीएस आइटी क्विज 2012 के क्षेत्रीय राउंड्स का आयोजन 14 शहरों में किया जा रहा है, जिनमें हैदराबाद, अहमदाबाद, कोलकाता, बैंगलौर, चेन्नई, कोयम्बटूर, पुणे, नागपुर, इंदौर, भुवनेश्वर, कोच्चि, लखनऊ, मुंबई और दिल्ली शामिल हैं। क्षेत्रीय दौर के मुकाबलों के बाद इस वर्ष दिसम्बर में राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी, जिसमें 14 शहरों की विजेता टीमें यूएई की विजेता टीमों से मुकाबला करेंगी।